सत्यमेव जयते

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## सी०ई०एन० ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

## CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 10/08/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

**Q.1** **दो तत्वों, X (परमाणु क्रमांक 7) और Y (परमाणु क्रमांक 8) पर विचार कीजिए। उनके प्रोटॉनों की संख्या के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

**Ans** A). X में Y की तुलना में एक प्रोटॉन अधिक होता है। B). Y में X की तुलना में एक प्रोटॉन अधिक होता है। C). दोनों में प्रोटॉनों की संख्या समान होती है। D). दोनों में कोई प्रोटॉन नहीं होता है।

**Correct Answer: B**

**Q.2** **खेल के मैदान में उपयोग होने वाले सीसॉ (seesaw) के बारे में दिए गए कथनों पर विचार कीजिए:**
**1. केंद्रीय सहारा, आलंब (fulcrum) के रूप में कार्य करता है।**
**2. एक तरफ बैठे बच्चे का भार, लोड के रूप में कार्य कर सकता है।**
**3. विपरीत दिशा में बच्चे द्वारा लगाया गया बल, आयास (effort) के रूप में कार्य कर सकता है।**
**4. सीसॉ, प्रथम श्रेणी के उत्तोलक का एक उदाहरण है।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से कथन सही हैं?**

**Ans** A). केवल 1, 2 और 4 B). केयल 1, 2 और 3 C). केवल 1 और 2 D). 1, 2, 3 और 4

**Correct Answer: D**

**Q.3** **जब वस्तु को फोकस बिंदु से थोड़ी दूर, लेकिन वक्रता केंद्र से पहले रखा जाता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प अवतल दर्पण द्वारा बनने वाले प्रतिबिंब का सर्वोत्तम वर्णन करता है?**

**Ans** A). वास्तविक, सीधा और समान साइज B). वास्तविक, उल्टा और आवर्धित C). आभासी, सीधा और छोटा D). आभासी, उल्टा और आवर्धित

**Correct Answer: B**

**Q.4** **कार्बन से बड़ी संख्या में यौगिकों के निर्माण होने का क्या कारण है?**

**Ans** A). कार्बन अत्यधिक अभिक्रियाशील होता है B). कार्बन केवल एकल आबंध बनाता है C). कार्बन वलय नहीं बना सकता है D). कार्बन-कार्बन आबंध बहुत प्रबल और स्थायी होता है

**Correct Answer: D**

**Q.5** **स्वपोषियों द्वारा स्थिर की गई अधिकांश ऊर्जा प्रत्येक पोषी स्तर पर ______________।**

**Ans** A). संचलन के लिए उपयोग की जाती है B). ऊष्मा के रूप में पर्यावरण में नष्ट हो जाती है C). कार्बनिक पदार्थ में परिवर्तित हो जाती है D). जीव में संग्रहीत हो जाती है

**Correct Answer: B**

**Q.6** **मादा में अवरुद्ध अंडवाहिनी के कारण एक दंपत्ति स्वाभाविक रूप से गर्भधारण नहीं कर पा रहा है। कौन-सी चिकित्सा तकनीक उन्हें गर्भधारण करने में सहायता कर सकती है?**

**Ans** A). कृत्रिम गर्भाधान (Artificial insemination) B). अल्ट्रासाउंड इमेजिंग (Ultrasound imaging) C). इन-विट्रो फर्टिलाइज़ेशन (In-vitro Fertilisation) D). हॉर्मोन थेरेपी (Hormone therapy)

**Correct Answer: C**

**Q.7 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वोत्तम रूप से यह स्पष्ट करता है कि निर्वात (vacuum) में घंटी बजाने पर हमें उत्पन्न ध्वनि क्यों सुनाई नहीं देती?**

Ans A). इसके बजाय घंटी से निकलने वाला प्रकाश हमारे कानों तक पहुंचता है B). घंटी की सामग्री ध्वनि को गमन करने से रोकती करती है C). ध्वनि को घंटी से हमारे कानों तक गमन करने लिए एक माध्यम की आवश्यकता होती है D). निर्वात में घंटी कंपन नहीं करती है

Correct Answer: C

**Q.8 60 N के बल का उपयोग करके एक बॉक्स को धकेला जाता है जिससे यह 3 $m/s^2$ पर त्वरित होता है। बॉक्स का द्रव्यमान कितना है?**

Ans A). 15 kg B). 180 kg C). 20 kg D). 18 kg

Correct Answer: C

**Q.9 यदि एक सीधे धारावाही चालक से प्रवाहित धारा की दिशा को उत्क्रमित किया जाए, तो उसके चारों ओर चुंबकीय क्षेत्र पर क्या प्रभाव पड़ेगा?**

Ans A). चालक के चारों ओर चुंबकीय क्षेत्र की दिशा उत्क्रम हो जाती है B). चालक के चारों ओर चुंबकीय क्षेत्र सामर्थ्य दोगुना हो जाता है C). चालक के चारों ओर चुंबकीय क्षेत्र लुप्त हो जाता है D). चालक के चारों ओर चुंबकीय क्षेत्र शून्य हो जाता है

Correct Answer: A

**Q.10 यदि आप सोडियम सल्फेट और बेरियम क्लोराइड के जलीय विलयनों को मिलाते हैं, तो किस प्रकार की रासायनिक अभिक्रिया होती है और इसके प्रमाण क्या है?**

Ans A). एकल विस्थापन; पदार्थ का रंग बदलता है B). दोहरा विस्थापन; अवक्षेप का निर्माण C). अपघटन; ऊष्मा का मुक्त होना D). रेडॉक्स अभिक्रिया; गैस का उत्सर्जन होता है

Correct Answer: B

**Q.11 निम्नलिखित में से कौन-सा जीवाणु अपनी भूमिका के साथ अनुचित रूप से युग्मित है?**

Ans A). नाइट्रोबैक्टर — नाइट्राइट का नाइट्रेट में रूपांतरण B). राइजोबियम — फलीदार पौधों में नाइट्रोजन स्थिरीकरण C). एज़ोटोबैक्टर — मृदा में नाइट्रोजन स्थिरीकरण D). स्यूडोमोनास — नाइट्रीकरण

Correct Answer: D

**Q.12 एक विद्यार्थी किसी वस्तु पर किए गए कार्य और उसकी गतिज ऊर्जा की गणना करता है। इन दोनों राशियों को किस SI मात्रक में व्यक्त किया जाना चाहिए?**

Ans A). पास्कल (Pa) B). न्यूटन (N) C). वाट (W) D). जूल (J)

Correct Answer: D

**Q.13 पादप संवहनी ऊतक का कौन-सा भाग मुख्यत: ऐमीनो अम्लों और प्रकाश संश्लेषण के विलेय उत्पादों के परिवहन के लिए उत्तरदायी होता है?**

Ans A). कॉर्टिक्स (Cortex) B). जाइलम (Xylem) C). एपिडर्मिस (Epidermis) D). फ्लोएम (Phloem)

Correct Answer: D

**Q.14 एक ही माता-पिता की दो संतानें प्राय: एक-दूसरे से भिन्न दिखती हैं। मुख्य रूप से किस प्रक्रिया के कारण यह अंतर होता है?**

Ans A). अर्धसूत्री विभाजन B). श्वसन C). प्रकाश संश्लेषण D). सूत्रीविभाजन

Correct Answer: A

**Q.15 यदि आपको एक पारदर्शी द्रव पदार्थ दिया जाए जो विद्युत का संचालन कर सकता है और जिसमें केवल एक ही प्रकार के परमाणु हों, तो आप क्या निष्कर्ष निकाल सकते हैं?**

Ans A). यह एक यौगिक है B). यह एक विलयन है C). यह एक विषमांगी मिश्रण है D). यह एक तत्व है

Correct Answer: D

**Q.16 मानव शरीर में स्फिग्मोमैनोमीटर (sphygmomanometer) क्या मापता है?**

Ans A). हृदयगति दर (Heart rate) B). शरीर ताप (Body temperature) C). रक्त दाब (Blood pressure) D). रक्त शर्करा (Blood sugar)

Correct Answer: C

**Q.17 एक शोधकर्ता 90° उत्तरी अक्षांश से वायु के नमूने एकत्र करता है और एक स्थायी उच्च-दाब प्रणाली पाता है। इस अवलोकन की व्याख्या करने वाली अंतर्निहित प्रक्रिया _________ है।**

Ans A). ध्रुवीय क्षेत्रों में ठंडी, सघन वायु का नीचे बैठना B). भूमध्यरेखीय क्षेत्रों से पृष्ठीय प्रवाह C). उपोष्ण अक्षांशों पर अभिसरण D). पृष्ठ से गर्म वायु का ऊपर उठना

Correct Answer: A

**Q.18 निम्नलिखित में से कौन-सी अभिक्रिया द्रव्यमान संरक्षण के नियम का उल्लंघन करती है?**

Ans A). $H_2 + Cl_2 \rightarrow 2HCl$ B). $2H_2 + O_2 \rightarrow 2H_2O$ C). $2Mg + O_2 \rightarrow MgO$ D). $Ca + Cl_2 \rightarrow CaCl_2$

Correct Answer: C

**Q.19 हाइड्रोजनन अभिक्रियाओं के लिए सामान्यतः उपयोग किए जाने वाले उत्प्रेरक _____ और ______ हैं।**

Ans A). सांद्रित सल्फ्यूरिक अम्ल, निकेल B). पैलेडियम, सांद्रित सल्फ्यूरिक अम्ल C). निकेल, सोडियम हाइड्रॉक्साइड D). पैलेडियम, निकेल

Correct Answer: D

**Q.20 निकेल के विद्युत-अपघटनी परिष्करण में एनोड के रूप में किसका उपयोग किया जाता है?**

Ans A). निकेल सल्फेट B). निकेल ऐसीटेट C). निकेल कार्बोनेट D). अशुद्ध निकेल

Correct Answer: D

**Q.21** **दो समरूप कुंडलियों को एक-दूसरे के निकट रखा गया है। यदि पहली कुंडली में प्रवाहित धारा अचानक बंद कर दी जाए, तो दूसरी कुंडली पर क्या प्रभाव पड़ेगा?**

**Ans** A). दूसरी कुंडली में धारा क्षणिक रूप से उसी दिशा में प्रेरित की जाती है जो चुंबकीय क्षेत्र को नियत रखने का प्रयास करती है

B). दूसरी कुंडली में एक धारा प्रेरित होती है जो मूल चुंबकीय क्षेत्र को कम करने में सहायता करती है

C). दूसरी कुंडली में कोई धारा प्रेरित नहीं की जाती है क्योंकि कुंडलियां संयोजित नहीं हैं

D). जब तक पहली कुंडली बंद रहती है, तब तक दूसरी कुंडली में एक अपरिवर्ती धारा प्रेरित होती रहती है

**Correct Answer: A**

**Q.22** **कसकर तानित ड्रम की स्किन, ढीली स्किन की तुलना में भिन्न ध्वनि क्यों उत्पन्न करती है?**

**Ans** A). कसकर तानित ड्रम की स्किन, ढीली स्किन की तुलना में मोटी होती है

B). कसकर तानित ड्रम की स्किन, ढीली स्किन से भारी होती है

C). कसकर तानित ड्रम की स्किन, ढीली स्किन की तुलना में अधिक तेजी से कंपन करती है

D). कसकर तानित ड्रम की स्किन में ढीली स्किन की तुलना में अधिक वायु होती है

**Correct Answer: C**

**Q.23** **एक विद्यार्थी को यह परीक्षण करना है कि प्रयोगशाला के नमूने में प्रबल क्षार है या नहीं। इसकी पुष्टि के लिए सबसे उपयुक्त प्रक्रिया कौन-सी है?**

**Ans** A). मिथाइल ऑरेंज डालना और लाल रंग के लिए देखना

B). नीला लिटमस पेपर डुबोना और जांच करना कि क्या वह नीला ही रहता है

C). फीनॉलफ्थेलिन की एक बूंद डालना और गुलाबी रंग का अवलोकन करना

D). तीव्र गंध के लिए विलयन को सूंघना

**Correct Answer: C**

**Q.24** **फेफड़ों की गंभीर बीमारी से पीड़ित एक रोगी में ऑक्सीजन का अंतर्ग्रहण कम हो जाता है। आयास (exertion) के दौरान उसकी पेशी कोशिकाओं में किस कोशिकीय मार्ग के सक्रिय (upregulated) होने की संभावना है, और परिणामस्वरूप कौन-सा उत्पाद संचित होता है?**

**Ans** A). पाइरुवेट का एथेनॉल और कार्बन डाइऑक्साइड में अवायवीय रूपांतरण

B). पाइरुवेट का कार्बन डाइऑक्साइड और जल में वायवीय विघटन

C). पाइरुवेट को लैक्टिक अम्ल में अवायवीय रूपांतरण, जिससे लैक्टिक अम्ल का संचय होता है

D). बिना किसी उप-उत्पाद के ग्लूकोस का ATP में प्रत्यक्ष रूपांतरण

**Correct Answer: C**

**Q.25** **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन स्थिति सदिश और विस्थापन सदिश के बीच के अंतर को सही रूप में वर्णित करता है?**

**Ans** A). स्थिति सदिश सदैव तय किए गए पथ को दर्शाता है

B). दोनों सदैव समान दिशा में इंगित होते हैं

C). स्थिति सदिश एक बिंदु का स्थान निर्धारण करता है; विस्थापन सदिश दो बिंदुओं के बीच के परिवर्तन को दर्शाता है

D). दोनों का परिमाण सदैव समान होता है

**Correct Answer: C**

**Q.26** **यदि $a + b = 9$ तथा $ab = 13$ है, तो $a^3 + b^3$ का मान ज्ञात कीजिए।**

**Ans** A). 398  B). 378  C). 348  D). 328

**Correct Answer: B**

**Q.27** **यदि दिया गया है कि $140^{0.86} = x$, $140^{0.74} = y$ और $x^z = y^7$ है, तो z का सन्निकट मान ज्ञात कीजिए।**

**Ans** A). 5.94  B). 8.01  C). 4.38  D). 6.02

**Correct Answer: D**


**Q.28** **यदि निम्नलिखित आंकड़ों का माध्य 47 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।**

| वर्ग | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 36 | 18 | 29 | 20 | x |

**Ans** A). 242  B). 227  C). 243  D). 270

**Correct Answer: A**

**Q.29** दिया गया बार ग्राफ तीन माह (जनवरी से मार्च) की अवधि में पांच परिवारों (परिवार A, B, C, D, E) द्वारा विद्युत् उपभोग को (kWh में) दर्शाता है।




किस परिवार का विद्युत् उपभोग उच्चतम है तथा यह निर्धारित कीजिए कि तीन-माह की अवधि में निम्नतम उपयोग वाले परिवार की तुलना में उन्होंने कितनी अधिक विद्युत् उपभोग (kWh में) की?

Ans A). B तथा 145 | B). A तथा 145 | C). C तथा 142 | D). E तथा 146

**Correct Answer: A**

---

**Q.30** समुद्र तल से 249 m ऊपर एक चट्टान की चोटी पर स्थित एक प्रेक्षक दो जहाजों के अवनमन को क्रमशः 30° और 60° पाता है। यदि जहाज चट्टान की विपरीत दिशाओं में स्थित हैं, तो उनके बीच की दूरी (m में) क्या है?

Ans A). $332\sqrt{2}$ | B). $249\sqrt{3}$ | C). $249\sqrt{2}$ | D). $332\sqrt{3}$

**Correct Answer: D**

---

**Q.31** तीन अभाज्य संख्याओं का योगफल 112 है। यदि एक संख्या, दूसरी संख्या से 36 अधिक है, तो इन संख्याओं का गुणनफल ज्ञात कीजिए।

Ans A). 5402 | B). 4826 | C). 5678 | D). 4516

**Correct Answer: A**

---

**Q.32** नरेश ने ₹58,000 की धनराशि वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले 20% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर जमा की। 2 वर्ष बाद नरेश को प्राप्त मिश्रधन ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹83,159 | B). ₹83,119 | C). ₹83,229 | D). ₹83,520

**Correct Answer: D**

---

**Q.33** एक कारखाने में दो मशीनें, X और Y हैं। मशीन X, 5 घंटे में 200 इकाइयों का उत्पादन कर सकती है और मशीन Y, 6 घंटे में 180 इकाइयों का उत्पादन कर सकती है। यदि दोनों मशीनें एक साथ 3 घंटे तक कार्य करती हैं और फिर केवल मशीन X, 2 घंटे और कार्य करती हैं, तो कुल कितनी इकाइयाँ उत्पादित होंगी?

Ans A). 280 यूनिट | B). 290 यूनिट | C). 350 यूनिट | D). 310 यूनिट

**Correct Answer: B**

---

**Q.34** यदि (2x + 5), (3x + 7) और (4x + 9) सतत अनुपात में हैं, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). x = 2 , 2 | B). x = 3, -3 | C). x = 2, -2 | D). x = -2, -2

**Correct Answer: D**

---

**Q.35** अरविंद ने कोई वस्तु ₹x में खरीदी। उसने इसे बीरू को 11% की हानि पर बेच दिया। बीरू ने इसके परिवहन पर ₹180 खर्च किए और इसे मीनू को 60% के लाभ पर बेच दिया। यदि मीनू ने इसे ₹1,000 में खरीदा, तो x का मान कितना है?

Ans A). 494 | B). 452 | C). 503 | D). 500

**Correct Answer: D**

---

**Q.36** चार दुकानों I, II, III और IV पर एक कुकर का अंकित मूल्य समान है। दुकान I द्वारा उस पर 85% और 27% की दो क्रमिक छूट, दुकान II द्वारा 78% और 19% की क्रमिक छूट, दुकान III द्वारा 24% और 27% की क्रमिक छूट तथा दुकान IV द्वारा 24%, 94% और 74% की क्रमिक छूट दी जाती है। कौन-सी दुकान सबसे कम मूल्य पर कुकर बेच रही है?

Ans A). III | B). I | C). IV | D). II

**Correct Answer: C**

Q.37 72 km/hr की चाल से गतिमान 150 m लंबी एक ट्रेन, समांतर पटरियों पर समान दिशा में उसकी तीन गुनी चाल से गतिमान एक दूसरी ट्रेन को 10 सेकंड में पार कर जाती है। दूसरी ट्रेन की लंबाई (m में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 300 B). 280 C). 250 D). 320

Correct Answer: C

Q.38 6 cm त्रिज्या वाले धातु के एक ठोस गोले को पिघलाकर 3 cm त्रिज्या और 4 cm ऊँचाई वाले छोटे ठोस शंकुओं में ढाला जाता है। कुल कितने पूर्ण शंकु बनाए जा सकते हैं?

Ans A). 30 B). 36 C). 18 D). 24

Correct Answer: D

Q.39 $(2^3)^4 \div 2^5$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). $2^7$ B). $2^2$ C). $2^{12}$ D). $2^5$

Correct Answer: A

Q.40 ₹8,324 की धनराशि पर वार्षिक रूप से संयोजित होने वाली 5% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर से 2 वर्ष में प्राप्त ब्याज ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹853.21 B). ₹875.41 C). ₹865.31 D). ₹841.11

Correct Answer: A

Q.41 रमन की आय ₹49,000 है। वह अपनी आय के 27.5% की बचत करता है। यदि उसकी आय में 34% की वृद्धि होती है और व्यय में 20% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में _______ होगी।

Ans A). ₹9,556 की कमी B). ₹9,555 की वृद्धि C). ₹9,559 की वृद्धि D). ₹9,550 की कमी

Correct Answer: B

Q.42 तीन प्रकार के दूध, A, B और C, की सांद्रता क्रमशः 12%, 18% और 24% है। यदि 20% सांद्रता वाला मिश्रण बनाने के लिए उन्हें 2 : 4 : p के अनुपात में मिलाया जाता है, तो p का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 4 B). 2 C). 3 D). 6

Correct Answer: D

Q.43 केंद्रों $C_1$ और $C_2$ वाले दो वृत्तों की त्रिज्याएँ क्रमशः $r_1$ और $r_2$ हैं। यदि उनके केंद्रों के बीच की दूरी, $r_2 - r_1$ के बराबर है, तो उन दोनों वृत्तों पर कितनी उभयनिष्ठ स्पर्श रेखाएँ खींची जा सकती है?

Ans A). 2 B). 3 C). 1 D). 0

Correct Answer: C

Q.44 1 km की दौड़ में, A, B को 50 m से हराता है। 800 m की दौड़ में, B, C को 40 m से हराता है। 200 m की दौड़ में, A, C को कितनी दूरी (m में) से हराएगा?

Ans A). 19.5 B). 25 C). 18 D). 22.5

Correct Answer: A

Q.45 उधार ली गई ₹550 की धनराशि पर 4% वार्षिक ब्याज दर से 2.5 वर्षों के लिए साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 105 B). 55 C). 155 D). 35

Correct Answer: B

Q.46 एक संख्या में पहले 20% की वद्धि की जाती है और फिर 12% की कमी की जाती है। कुल प्रतिशत वृद्धि या कमी ज्ञात कीजिए।

Ans A). 4.8% की कमी B). 5.2% की वृद्धि C). 5.6% की वृद्धि D). 4.3% की कमी

Correct Answer: C

Q.47 निम्नलिखित में से कौन-सी सर्वसमिका सही है?

Ans A). $\text{cosec}^2\theta + \cot^2\theta = 1$ B). $\sin^2\theta - \cos^2\theta = 1$ C). $\sec^2\theta + \tan^2\theta = 1$ D). $\sec^2\theta - \tan^2\theta = 1$

Correct Answer: D

Q.48 एक बेलन के आधार की त्रिज्या और ऊंचाई का योग 48 cm है। यदि बेलन के वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल और संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल का अनुपात 5:8 है, तो बेलन के संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल और वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल का अंतर ज्ञात कीजिए।
(π = 3.14 का उपयोग कीजिए)

Ans A). 2,058.63 $cm^2$ B). 2,108.38 $cm^2$ C). 2,186.59 $cm^2$ D). 2,034.72 $cm^2$

Correct Answer: D

Q.49 मध्यम रूप विषम बंटन (moderately skewed distribution) की माध्यिका 32 है और माध्य 30 है। आंकड़े का बहुलक ज्ञात कीजिए।

Ans A). 36 B). 35 C). 32 D). 40

Correct Answer: A

Q.50 अनिल और रोहित की वर्तमान आयु का अनुपात 7 : 9 है। 8 वर्ष बाद, यह अनुपात 9 : 11 हो जाएगा। अनिल की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

Ans A). 21 B). 28 C). 35 D). 42

Correct Answer: B

Q.51 दी गई अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) * * © © G @ A & © C X # C J * T $ F N @ $ & (दाएं)

ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में एक प्रतीक भी है?

Ans A). 2 B). 4 C). 3 D). 5

Correct Answer: C

Q.52 P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले उसी सप्ताह के अलग-अलग दिन है। R की परीक्षा गुरुवार से पहले किसी एक दिन है, लेकिन मंगलवार को नहीं है। R और V के बीच केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है। V की परीक्षा, Q से ठीक पहले है। Q के बाद जितने व्यक्तियों की परीक्षा है, उतने ही व्यक्तियों की परीक्षा U से पहले है। P की परीक्षा, T से ठीक पहले है। P और S के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। मंगलवार को किसकी परीक्षा है?

Ans A). V B). Q C). S D). U

Correct Answer: C

Q.53 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से ACEG का संबंध YACE से है। उसी प्रकार, RTVX का संबंध PRTV से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, MOQS का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans A). KMQO B). KMOQ C). KMOP D). KMIU

Correct Answer: B

Q.54 निम्न संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए। सभी संख्याएँ केवल एकल-अंकीय संख्याएँ हैं।

(बाएँ) 3 2 4 7 8 1 4 5 2 7 6 5 4 7 8 9 2 5 4 7 3 1 6 9 5 3 (दाएँ)

ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है और ठीक बाद में एक विषम अंक है?

Ans A). दो B). तीन से अधिक C). तीन D). एक

Correct Answer: A

Q.55 उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों द्वारा अनुसरण किए गए पैटर्न के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

MQ-UY-CG
TX-BF-JN

Ans A). AE-IM-AS B). AE-IM-BH C). AE-IM-QU D). AE-IM-LM

Correct Answer: C

Q.56 F, G का पिता है। G, H का भाई है। H, I की माता है। F का I से क्या संबंध है?

Ans A). माता का पिता B). बहन C). पिता की माता D). पिता

Correct Answer: A

Q.57 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). AE-IO B). CG-KP C). SW-AG D). KO-SY

Correct Answer: B

Q.58 यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

OPE HER KID SKY

प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णानुक्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णानुक्रम में उससे ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार निर्मित कितने अक्षर-समूहों में कोई स्वर नहीं आएगा?

Ans A). चार B). तीन C). एक D). दो

Correct Answer: B

**Q.59** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

98 102 111 127 152 ?

Ans A). 190 B). 182 C). 185 D). 188

Correct Answer: D

**Q.60** निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : TSZ:: JGD : %

Ans A). #=RUY, %= LEF B). #=RUX, %= MEF C). #=RUX, %= LEE D). #=RUX, %= LEF

Correct Answer: D

**Q.61** यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

BOX TUG PAN SEW

यदि प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बनने वाले कितने शब्दों में कोई स्वर नहीं होगा?

Ans A). चार B). एक C). दो D). तीन

Correct Answer: C

**Q.62** यदि संख्या 52183475 के प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ दिया जाए और प्रत्येक सम अंक से 2 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी संख्या में सबसे बड़े अंक और सबसे छोटे अंक के बीच का अंतर कितना होगा?

Ans A). 10 B). 8 C). 7 D). 9

Correct Answer: D

**Q.63** एक निश्चित तर्क के अनुसार 17 का संबंध 68 से है। उसी तर्क के अनुसार 29 का संबंध 116 से है। उसी तर्क के अनुसार 41 का संबंध किस विकल्प से है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 162 B). 166 C). 168 D). 164

Correct Answer: D

**Q.64** यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?

35 × 5 ÷ 7 − 11 + 9 = ?

Ans A). 49 B). 51 C). 45 D). 47

Correct Answer: B

**Q.65** यदि संख्या 1537246 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ दिया जाए और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी संख्या के सबसे बड़े अंक और सबसे छोटे अंक के बीच अंतर कितना होगा?

Ans A). 7 B). 8 C). 9 D). 6

Correct Answer: B

**Q.66** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

VUX YXA BAD EDG ?

Ans A). HGJ B). HIK C). HHI D). HFI

Correct Answer: A

**Q.67** एक निश्चित तर्क के अनुसार, 21 का संबंध 199 से है। उसी तर्क के अनुसार, 16 का संबंध 154 से है। उसी तर्क के अनुसार, 19 का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 151 B). 171 C). 161 D). 181

Correct Answer: D

**Q.68** निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) V L E A O B K O C H R E X I S W O J H U C L (दाएं)

ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद में भी एक व्यंजन है?

Ans A). एक भी नहीं B). 3 C). 2 D). 1

Correct Answer: D

Q.69 छह व्यक्ति, A, B, C, D, E और F, एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D के दाईं ओर केवल एक व्यक्ति बैठा है। C, B के दाईं ओर ठीक पड़ोस में बैठा है। D और F के बीच केवल A बैठा है।
पंक्ति के बाएं छोर पर कौन बैठा है?

Ans A). F B). C C). E D). B

Correct Answer: D

Q.70 एक निश्चित कूट भाषा में, 'running is good habit' को 'gn yb dm hc' के रूप में और 'they are good boys' को 'yb gt ol pk' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में 'good' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा? (सभी कूट केवल दो-अक्षरों के कूट हैं।)

Ans A). ol B). hc C). gt D). yb

Correct Answer: D

Q.71 उदय अपनी कक्षा में शीर्ष से 45वें और नीचे से 81वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans A). 124 B). 127 C). 126 D). 125

Correct Answer: D

Q.72 राघव बिंदु A से चलना शुरू करता है और पश्चिम दिशा में 26 km चलता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 15 km चलता है, फिर दाएँ मुड़कर 32 km चलता है। इसके बाद वह फिर से दाएँ मुड़कर 21 km चलता है। अंत में वह फिर से दाएँ मुड़कर 6 km चलता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं।)

Ans A). 5 km, दक्षिण दिशा में B). 6 km, उत्तर दिशा में C). 5 km, उत्तर दिशा में D). 6 km, दक्षिण दिशा में

Correct Answer: B

Q.73 सात विद्यार्थी I, J, K, P, Q, R और Z एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
I, Q के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। P, J के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। I के बाईं ओर से गिनने पर, I और Z के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। Q और K के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं।
J के दाईं ओर से गिनने पर, Q और J के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A). तीन B). दो C). एक D). चार

Correct Answer: C

Q.74 एक निश्चित कूट भाषा में "KBNY" को "43" और "RBXU" को "30" के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में "WIJM" का कूट क्या होगा?

Ans A). 46 B). 40 C). 33 D). 38

Correct Answer: B

Q.75 शब्द DROUGHT में प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णानुक्रम में उससे ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और फिर इस प्रकार निर्मित समूह के सभी अक्षरों को अंग्रेजी वर्णानुक्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार निर्मित नए अक्षर-समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर दाईं ओर से पाँचवाँ होगा?

Ans A). T B). G C). C D). N

Correct Answer: B

Q.76 K, B, V, D, E और F, एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ठीक ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह, सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है।
F के ऊपर केवल दो व्यक्ति रहते हैं। V, एक सम-क्रमांकित तल पर लेकिन F के ऊपर रहता है। K और F के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। D, B के ठीक नीचे रहता है।
E और F के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans A). एक भी नहीं B). तीन C). एक D). दो

Correct Answer: A

Q.77 एक निश्चित कूट भाषा में, 'down the road' को 'qb ko np' के रूप में और 'shutter is down' को 'mc np ev' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में 'down' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा? (सभी कूट केवल दो अक्षरों के कूट हैं।)

Ans A). ev B). qb C). np D). ko

Correct Answer: C

Q.78 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

Ans A). BF - EI B). MQ - PT C). KO - NR D). JO - NR

Correct Answer: D

Q.79 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B का पति है', और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'।

यदि 'P + Q – R × S – T' है, तो P का T से क्या संबंध है?

Ans A). भाई B). पुत्र का पुत्र C). पुत्र D). पुत्री का पुत्र

Correct Answer: D

Q.80 शब्द QUALITY के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णानुक्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णानुक्रम में उससे ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता हैं। इस प्रकार निर्मित नए अक्षर-समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर बाईं ओर से दूसरा होगा?

Ans A). V B). B C). K D). P

Correct Answer: A

Q.81 केंद्रीय बजट 2025-26 के अनुसार, बीमा क्षेत्र के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की सीमा उन कंपनियों के लिए 74% से बढ़ाकर अधिकतम ____________ की गई है जो भारत में संपूर्ण प्रीमियम का निवेश करती हैं।

Ans A). 100% B). 80% C). 95% D). 90%

Correct Answer: A

Q.82 मार्च 2026 में हॉकी इंडिया अवार्ड्स में किस पूर्व ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता को मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया?

Ans A). अशोक ध्यानचंद B). हरबिंदर सिंह C). पीआर श्रीजेश D). जफर इकबाल

Correct Answer: D

Q.83 मार्च 2026 में 'भारत औद्योगिक विकास योजना' (BHAVYA) के कार्यान्वयन का उत्तरदायित्व किस संगठन को सौंपा गया था?

Ans A). राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर विकास निगम B). राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम C). भारतीय औद्योगिक वित्त निगम D). सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

Correct Answer: A

Q.84 11 मार्च, 2026 को, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने हरीश राणा बनाम भारत संघ के मामले में एक ऐतिहासिक और अभूतपूर्व आदेश पारित किया, जिसमें 13 वर्षों से अधिक समय से लगातार शारीरिक निष्क्रियता की अवस्था (Persistent Vegetative State) में रह रहे एक व्यक्ति के लिए जीवन-रक्षक उपचार के निवर्तन की अनुमति दी गई। न्यायालय ने इस ऐतिहासिक निष्क्रिय इच्छामृत्यु (Passive Euthanasia) के निर्णय के आधार के रूप में किस संवैधानिक अधिकार का आह्वान किया?

Ans A). अनुच्छेद 14 B). अनुच्छेद 32 C). अनुच्छेद 19 D). अनुच्छेद 21

Correct Answer: D

Q.85 मई 2026 में, किस अमेरिकी सेक्रेटरी ऑफ स्टेट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी और उन्हें रक्षा, व्यापार तथा ऊर्जा सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति से अवगत कराया था?

Ans A). मार्को रुबियो (Marco Rubio) B). एंटनी ब्लिंकन (Antony Blinken) C). जेक सुलिवन (Jake Sullivan) D). पीट हेगसेथ (Pete Hegseth)

Correct Answer: A

Q.86 वर्ष 2026 के नागरिक अलंकरण समारोह (Civil Investiture Ceremony) में, मलयालम और भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए किस सिनेमा दिग्गज को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था?

Ans A). ममूटी B). चिरंजीवी C). मोहनलाल D). कमल हासन

Correct Answer: A

Q.87 वर्ष 2026 की शुरुआत में, भारत और रूस के बीच एक ऐतिहासिक रक्षा समझौता लागू हुआ, जिसके तहत सैन्य अड्डों तक पारस्परिक पहुँच की अनुमति मिली। इस समझौते को क्या कहा जाता है?

Ans A). LEMOA (लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज मेमोरेन्डम ऑफ एग्रीमेंट) B). RELOS (रेसिप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक्स सपोर्ट) C). BECA (बेसिक एक्सचेंज एंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट) D). COMCASA (कम्युनिकेशंस कम्पैटिबिलिटी एंड सिक्योरिटी एग्रीमेंट)

Correct Answer: B

Q.88 भारत में वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, कल्याण, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच और सामाजिक समावेशन को बढ़ाने के लिए मई 2026 में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा लॉन्च किए गए मोबाइल एप्लिकेशन का क्या नाम था?

Ans A). जीविका (JEEVIKA) B). सीनियर (SENIOR) C). जीवन (JEEVAN) D). सहारा (SAHARA)

Correct Answer: C

**Q.89** **मार्च 2026 में, भारत ने नई दिल्ली में किस अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार-निरोधक नेटवर्क की 12वीं संचालन समिति बैठक की मेजबानी की?**

Ans A). एगमोंट ग्रुप ऑफ फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट्स B). ग्लोबल ऑपरेशनल नेटवर्क ऑफ़ एंटी-करप्शन लॉ एनफोर्समेंट अथॉरिटीज (GlobE नेटवर्क)
C). इंटरनेशनल एंटी-करप्शन अकादमी (IACA) D). फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (FATF)

Correct Answer: B

**Q.90** **मई 2026 में म्यूनिख में हुए ISSF वर्ल्ड कप में, किस शूटर ने महिलाओं की 25m पिस्टल स्पर्धा में 43 का नया विश्व रिकॉर्ड स्कोर करके गोल्ड मेडल जीता?**

Ans A). ईशा सिंह B). श्रेयसी सिंह C). मनु भाकर D). हिना सिद्धू

Correct Answer: A

**Q.91** **जनवरी 2026 में कला के क्षेत्र में किस फिल्म अभिनेता को पद्म भूषण पुरस्कार प्रदान किया गया?**

Ans A). रजनीकांत B). कमल हासन C). रणवीर सिंह D). ममूटी

Correct Answer: D

**Q.92** **किस राज्य ने 2026 में एयर फोर्स स्टेशन, चांदीनगर में भारतीय एयर फोर्स के विशेष बल कर्मियों के प्रशिक्षण के सफल समापन के उपलक्ष्य में मरून बेरेट सेरेमोनियल परेड (Maroon Beret Ceremonial Parade) की मेजबानी की?**

Ans A). हरियाणा B). उत्तरप्रदेश C). राजस्थान D). पंजाब

Correct Answer: B

**Q.93** **मार्च 2026 में संसद द्वारा पारित ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2026 ने किस प्रमुख सुरक्षा को हटा दिया जिसे मूल 2019 अधिनियम के अंतर्गत मान्यता प्राप्त थी?**

Ans A). स्व-अनुभूत जेंडर पहचान की मान्यता B). कल्याण और पुनर्वास स्कीमों की स्थापना C). ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए राष्ट्रीय परिषद का गठन
D). भेदभाव के विरुद्ध सांविधिक संरक्षण

Correct Answer: A

**Q.94** **मई 2026 में, ब्लूमबर्ग की नताली ओबिको पियर्सन (Bloomberg's Natalie Obiko Pearson) के साथ-साथ किन दो भारतीय पत्रकारों को भारत में साइबर अपराध को उजागर करने वाली परियोजना के लिए 'इलस्ट्रेटेड रिपोर्टिंग और कमेंट्री (Illustrated Reporting and Commentary)' श्रेणी में पुलित्जर पुरस्कार से सम्मानित किया गया?**

Ans A). आनंद आर.के. और सुपर्णा शर्मा B). आनंद आर.के. और अनिरुद्ध घोषाल C). सुपर्णा शर्मा और अनिरुद्ध घोषाल D). अनिरुद्ध घोषाल और रवीश कुमार

Correct Answer: A

**Q.95** **केंद्रीय बजट 2026–27 में भारत को एक वैश्विक बायोफार्मा हब के रूप में विकसित करने के लिए "बायोफार्मा शक्ति (Biopharma SHAKTI)" की घोषणा की गई। बायोफार्मा-शक्ति में SHAKTI का पूर्ण रूप क्या है?**

Ans A). System for High-value Advancement through Knowledge Transfer and Innovation (सिस्टम फॉर हाई-वैल्यू एडवांसमेंट थ्रू नॉलेज ट्रांसफर एंड इनोवेशन)

B). Scheme for Health and Knowledge Advancement through Technology and Industry (स्कीम फॉर हेल्थ एंड नॉलेज एडवांसमेंट थ्रू टेक्नोलॉजी एंड इंडस्ट्री)

C). Strategy for Healthcare Advancement through Knowledge, Technology and Innovation (स्ट्रेटेजी फॉर हेल्थकेयर एडवांसेमेंट थ्रू नॉलेज, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन)

D). Strategy for Healthcare Access through Knowledge, Training and Infrastructure (स्ट्रेटजी फॉर हेल्थकेयर एक्सेस थ्रू नॉलेज, ट्रेनिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर)

Correct Answer: C

**Q.96** **संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 का प्राथमिक उद्देश्य क्या था?**

Ans A). राज्यसभा नामांकन प्रक्रिया को समाप्त करना B). एक नई संवैधानिक न्यायालय प्रणाली का निर्माण करना
C). परिसीमन के माध्यम से महिला आरक्षण को क्रियान्वित करना D). संपूर्ण भारत में एक साथ चुनाव करना

Correct Answer: C

**Q.97** **जनवरी 2026 में निम्नलिखित में से किसे स्पोर्ट्स के क्षेत्र में योगदान के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया था?**

Ans A). बलदेव सिंह B). इंद्रजीत सिंह सिद्धू C). गंभीर सिंह योन्जोन D). दीपिका रेड्डी

Correct Answer: A

**Q.98** **अप्रैल 2026 के समझौता ज्ञापनों में पुनर्बलित जल जीवन मिशन 2.0 किस दीर्घकालिक राष्ट्रीय विजन के अनुरूप है?**

Ans A). डिजिटल इंडिया 2030 B). स्वच्छ भारत मिशन 2.0 C). मेक इन इंडिया विजन D). विकसित भारत @2047

Correct Answer: D

**Q.99** मई 2026 में टोक्यो के सेइको गोल्डन ग्रैंड प्रिक्स में, येमी मैरी जॉन (Yemi Mary John) किस प्रतियोगिता में 50 सेकंड की बाधा को तोड़ने वाली 2026 में पहली यूरोपीय बनीं?

Ans A). 600 मीटर B). 300 मीटर C). 800 मीटर D). 400 मीटर

**Correct Answer: D**

**Q.100** केंद्रीय बजट 2025-26 में, सैन्य आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता पर सरकार के सतत फोकस को प्रतिबिंबित करते हुए, भारत का कुल रक्षा बजट आवंटन लगभग कितने रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुँच गया है?

Ans A). ₹5.61 लाख करोड़ B). ₹6.81 लाख करोड़ C). ₹8.81 लाख करोड़ D). ₹4.33 लाख करोड़

**Correct Answer: B**

"